卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 34 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦10 नवम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की चादर



देहरादून (उद संवाददाता)। बदरीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई है। बदरीनाथ धाम में दो इंच तक बर्फ जमी है। इससे ठंडक बढ़ गई। हिमपात से बदरीनाथ धाम में कड़के की ठंड पड़ रही है।पहाड़ आज सुबह बर्फ की सफेद चादर में लिपटे नजर आए। बदरीनाथ धाम का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिला। चमोली जिले में सुबह से ही मौसम खराब था। धाम में ऊंची चोटियों पर ताजी बर्फ जम गई है। इसके साथ ही हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है जिससे मौसम में ठंडक आ गई है। यमुनोत्री धाम सहित आसपास की चोटियों पर भी बर्फबारी हुई, तो निचले हिस्से यमुना घाटी में बूंदाबांदी हुयी। पहाड़ों पर बर्फबारी से कड़ाके की ठंड का अहसास होने लगा है। वहीं दूसरी ओर हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली है। बुधवार तड़के कोहरा छा गया और इसके बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। रुड़की शहर में भी अचानक आए कोहरे से शहरवासी भी हैरान रहे। बुधवार को अधिकतम तापमान 26.6 और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री दर्ज किया गया। दो दिन से आसमान में बादल छाए हैं। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि एक-दो दिन में बारिश हो सकती है। मंगलवार शाम को भी अचानक आसमान में काली घटाएं छा गईं। करीब एक घंटे बाद मौसम फिर से साफ हो गया।कृषि विज्ञान केंद्र ढकरानी के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने बता कि जिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## संपत्ति के विवाद को लेकर निर्मल अखाड़े में संतों का हंगामा

### एक गुट के मुखिया को हिरासत में लिया

हरिद्वार(उद ब्यूरो)। संपत्ति विवाद को लेकर गुरुवार को संतों के बीच हंगामा इतना बढ़ गया कि पुलिस -प्रशासन को मौके पर पहुंचने पर पड़ा। हंगामा शांत नहीं



होने पर पुलिस ने एक गुट के मुखिया को हिरासत में ले लिया। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा में दो गुटों के बीच लंबे समय से चल रहे संपत्ति विवाद (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कूट रचित दस्तावेज तैयार कर नाबालिग से कोर्ट मैरिज

### किडनैपिंग व धोखाधड़ी में मामला दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के बाद कूट रचित दस्तावेजों के सहारे कोर्ट मैरिज करने के एक हैरतअंगेज मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को नामजद किया है। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 7 जून को उसकी नाबालिग पुत्री घरेलू कार्य में सहयोग करने के लिए मां के साथ गुड़िया कांप्लेक्स निवासी गोविंद अग्रवाल के घर गई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शाम लगभग 6:30 बजे उसकी पत्नी घर वापस लौट आई लेकिन गोविंद अग्रवाल के घर मेहमान आने के कारण पुत्री वही रुकी रह गई। रात्रि लगभग 9:00 बजे गोविंद अग्रवाल में शिकायतकर्ता को फोन कर बताया कि उसकी पुत्री बगैर बताए कहीं चली गई। गायब किशोरी की खोजबीन शुरू हुई तो पता चला कि ग्राम हिम्मतपुर थाना आईटीआई निवासी पंकज पुत्र चंद्रपाल परिजनों के सहयोग से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। शिकायतकर्ता को बाद में यह भी पता चला कि आरोपी युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री के आधार कार्ड पैन (शेष पृष्ठ सात पर)

## बूथ स्तर संगठन को किया जाएगा मजबूत: जिंदल

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ने हवन पूजन के बाद संभाला कार्यभार, जोरदार स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने विधिवत अपना कार्यभर ग्रहण किया। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल अपनी पत्नी के साथ जिला कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। भाजपाईयों ने जिंदल को फूल मालाओं से लाद दिया साथ ही आतिशबाजी भी की गई। कार्यभार संभालने से पहले हवन यज्ञ हुआ। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने नई जिम्मेवारी सौंपे जाने पर प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें इस जिम्मेवारी के लायक समझा इसके लिए वह प्रदेश नेतृत्व के आभारी है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी पद की लालसा नहीं की बल्कि संगठन में एक कार्यकर्ता की हैसियत से पार्टी को मजबूत बनाने क हरसंभव प्रयास किया। जिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपना इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका (शेष पृष्ठ 7 पर)







## ठेली और ढाबों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ चला अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसपी सिटी मनोज कत्याल के नेतृत्व में पुलिस और सीपीयू कर्मियों ने ढाबों पर ठेलियों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाकर। भारी पुलिस की मौजूदगी में चले अभियान से शराबियों में हड़कम्प मच गया। अभियान की शुरूआत गांधी पार्क रोड से की गयी। इस दौरान वहां गांधी पार्क की दीवार की आड़ में ठेलियों पर कई लोग शराब पी रहे थे। पुलिस की कार्रवाई से शराब पीने वालों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने शराब पिलाने व पीने वाले कई लोगों को हिरासत में ले लिया। मौके पर शराब की कई खुली हुई बोतलें भी बरामद हुयी। इसके अलावा ओमेक्स रोड पर भी पुलिस ने औचक छापेमारी की। वहां भी ठेलियों के साथ ही कारों में बैठकर कई लोग शराब पीते पाये गये। यहां पर एक में कार में तलवार समेत हाकी डंडे भी बरामद किए गये जिस पर कार सवार युवकों और कार को सिडकुल पुलिस के सुपुर्द किया गया। एसपी सिटी ने कार सवार युवकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा शहर के कई अन्य स्थानों (शेष पृष्ठ सात पर)



## एनएचएच कर्मचारियों ने जलाई शासनादेश की प्रतियां

नैनीताल(उद संवाददाता)। कोविड काल में एनएचएम कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर दस हजार रुपए देने की मुख्यमंत्री की घोषणा एक वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी। जिसके विरोध में एनएचएम कर्मचारियों ने शासनादेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बावजूद कर्मचारी हितों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में उनकी अन्य मांगों पर किस तरह विचार किया जाएगा। संगठन ने आगामी रणनीति बनाकर और अधिक उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन के बैनर तले तमाम कर्मचारी सीएमओ कार्यालय में एकत्रित हुए। जहां कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणा को एक वर्ष पूरा होने के बाद भी उन्हें उसका लाभ नहीं मिल पाने पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शासनादेश की प्रतियां जलाकर जमकर रोष जताया। संगठन अध्यक्ष सौर्य नंदन जोशी ने कहा कि कोविड काल के दौरान सेवा देने पर बीते वर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने एनएचएम कर्मचारियों को दस हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी। जिसका शासनादेश भी जारी किया गया। मगर एक वर्ष गुजर जाने (शेष पृष्ठ सात पर)



## लक्ष्मीपुर माइनर पर अवैध निर्माण, हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना

### एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर रोका निर्माण

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। नगर के बीचो बीच से होकर गुजरने वाली लक्ष्मीपुर माइनर नहर को आईपीएल की सुनवाई के दौरान वर्ष 2012-13 में हाईकोर्ट ने इसे सार्वजनिक संपत्ति घोषित करते हुए अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किए थे लेकिन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को दरकिनार कर सरकारी संपत्ति पर एक बार फिर से अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया है। मामले में शिकायत का संज्ञान लेते हुए परगना मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रूकवा दिया और तहसीलदार को जांच के आदेश पारित किए हैं। ज्ञातव्य है कि शहर के बीचो बीच से होकर गुजरने वाली अति पौराणिक लक्ष्मीपुर माइनर नहर अतिक्रमण का दंश झेलती रही है। यह एक अति प्राचीन गूल है और राजस्व अभिलेखों में नहर जलमग्न के नाम से दर्ज सरकारी संपत्ति है जिसकी देखरेख का जिम्मा सिंचाई खंड व नगर निगम के पास है। वर्ष 2012-13 में हाईकोर्ट में दायर आईपीएल की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इसे सरकारी(शेष पृष्ठ सात पर)



## कूड़ा घर में तब्दील हुई नहर

काशीपुर। लक्ष्मीपुर माइनर नहर की पहचान कभी खेतों में सिंचाई तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए हुआ करती थी। आज इसकी सूरत बदरंग हो चुकी है। अति पौराणिक गूल पर दर्जनों स्थानों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। कटोराताल पुलिस चौकी के सामने बनी मार्केट में दुकानों के आगे गूल पर(शेष पृष्ठ सात पर)

## बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर कमलेश राणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और शासकीय अभिलेख गायब करने का आरोप लगाया गया है। विवेचना जसपुर पुलिस को ट्रांसफर की गई है।पुलिस को दी तहरीर में डीपीओ ने बताया कि 19 मई 2021 को एसडीएम कार्यालय जसपुर में परियोजना कार्यालय की उपस्थिति पंजिका मांगी गई थी। तत्कालीन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार ने एसडीएम को संबोधित पत्र में बताया कि उपस्थिति पंजिका सुपरवाइजर कमलेश राणा के पास है और उनका कार्यालय कक्ष बंद है। कमलेश कई दिनों से कार्यालय में नहीं आई हैं। उसने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सीधे मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन को पत्र भेजा है जो शासकीय नियमों और कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत है।कोविड-19 टीकाकरण की महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग न करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने पर कमलेश ने उच्च अधिकारियों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल में जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर आयोजित



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर जिला जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) के तत्वावधान एवं जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल, रुद्रपुर के सौजन्य से जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में एक दिवसीय जुख्रजित्सू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बुधवार को हुआ। शिविर का शुभारंभ जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन गुरनाम सिंह चावला, वाइस चेयरमैन सतनाम चावला, प्रधानाचार्य ए.जे. बटसर, उप प्रधानाचार्य श्रीमती साधना बटसर, स्पोर्ट्स एचओडी रघु रावत, एवं जिला जुख्रजित्सु एसोसिएशन के महासचिव सिहान ऋषि पाल भारती द्वारा संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्रधानाचार्य ए. जे. बटसर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय ने हमेशा अपने छात्रों को एक स्वस्थ और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान किया है ताकि वे हर क्षेत्र की गतिविधि में विकास कर सकें चाहे वह शिक्षा, खेल या अन्य कोई अतिरिक्त भूमिका हो। साथ ही बच्चो के नेतृत्व के गुण जैसे टीम वर्क, दृढ़ संकल्प, लचीलापन, आत्म-विश्वास और सम्मान आदि जैसे व्यक्तिगत गुणों की भी खोज में ताकि उन्हें समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिले। चौयरमैन गुरनाम सिंह चावला ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चो की प्रतिभाओं को पहचानने व उनमे ऐसे गुण समायोजित करना है, जिनसे न केवल उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी बल्कि उनकी सफलता से हमारे जिले व राज्य एवं देश का नाम भी रोशन होगा। वाइस चेयरमैन सतनाम चावला ने कहा कि सफलता एक रात मे नहीं मिलती, उसके लिए समय लगता है। आपको लगातार प्रयास करना होगा, कठिन परिश्रम करना होगा। और अपने अंदर आत्म अनुशासन बढ़ाने की जरुरत होगी।शिविर में जिला जु-जित्सू संघ के महासचिव व प्रशिक्षक सिहान ऋषि पाल भारती एवं सह प्रशिक्षिका सेंपई लवली विश्वकर्मा ने सयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को जुख्रजित्सू फाइटिंग इवेंट मेंइस्तेमाल की जाने वाली विशेष तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। महासचिव सिहान ऋषि पाल भारती ने बताया कि जापान के इस खेल का इतिहास करीब 2500 वर्ष पुराना है, जो सिर्फ लॉक्स और थ्रो का ही खेल है इसमें विपक्षी खिलाड़ी को उसी की ताकत में उलझा कर उसे काबू में किया जाता है। जुख्रजित्सू की शैली में आप जूडो, एकीडो, कराटे की तकनीक देख सकते हैं। जु जित्सू को जुडो, कराटे, एकीड़ो खेलो की जननी भी कहा जाता है। शिविर के समापन अवसर पर अमन सिंह, शिवानी, कॉर्डिनेटर हेमलता बिष्ट, शैली मदान, शंकर, हरीश, सहित अन्य विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# शहीद आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से उत्तराखंड राज्य स्थापना के लिए शहीद हुए आंदोलनकारियों को संस्था पदाधिकारियों ने शहीद मेजर चन्द्र शेखर मिश्रा पार्क में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी।इस दौरान संस्था सचिव नन्दकिशोर आर्या व खेमराज साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए अपना बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। क्योंकि उत्तराखंड की स्थापना में आंदोलनकारियों का अमूल्य योगदान रहा



है। इसलिए हम सभी को देवभूमि उत्तराखंड के प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए। उत्तराखंड देवभूमि के नाम से विश्व विख्यात है और भगवान ने इस प्रदेश को प्राकृतिक सुंदरता देकर भगवान केदारनाथ, बद्रीनाथ, माँ गंगोत्री, माँ यमुनोत्री ने अपना द्वार स्थापित किया है जो विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर उत्तराखंड ले आती है।इस दौरान शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देने वालों में बलराम हालदार, पूजा लटवाल, मनोज कुमार,अधिवक्ता पुष्पा जोशी, अधिवक्ता चेतना लटवाल, कनक चन्द्र, योगिता बनोला, भावना बिष्ट, निर्मला रौतेला, गीता साहू, रितिक साहू, भरत चिलवाल, दीपक पलडिया, सूरज मिस्त्री, मुकेश बिष्ट, अमन कुमार, संदीप यादव, प्रवीण कुमार, राहुल जोशी, जगदीश बिष्ट, सुशील राय, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि शामिल थे।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
RCT
Crown, Bridge & Dental Implant
Complete Denture
Ortho Treatment
Composite Filling
Ultrasonic Scaling
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

# साहिल मिस्टर फ्रैशर और आयुषी शील मिस फ्रैशर बनी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हर्षोल्लास के साथ प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यक्रम तथा ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक फार्मेसी में स्वागत समारोह जिसका विषय 'आरंभ' रखा गया। इसका अर्थ स्वागत तथा नई शुरुआत है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, निर्देशिका डॉ सीमा अरोड़ा तथा मैनेजमेंट मेंबर वन डाबर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रध ानाचार्य ललित सिंह संस्थान के विभागाध्यक्ष नवीन पंत तथा संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा संस्थान के सीईओ अनुभव बाठला के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम का संचालन छात्रा ईशा बिष्ट तथा छात्रा नितिन सिंह ने बहुत ही बखूबी के साथ निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रो ने स्वागत गीत गाकर किया। उसके बाद विभागाध्यक्ष नवीन पंत तथा श्रीमती मीना राठौड़ तथा अन्य शिक्षकों ने ओरिएंटेशन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। उसके उपरांत मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य गायन खेल इत्यादि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें मिस्टर फ्रेशर छात्र साहिल सैफी तथा मिस फ्रैशर छात्रा आयुषी शील को दिया गया। संस्थान की निर्देशिका डॉक्टर सीमा अरोरा ने बताया कि संस्थान में इस प्रोग्राम का उद्देश्य सभी नए छात्र-छात्राओं की भविष्य को एक नया आयाम देना है द्य कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने सभी छात्र-छात्राओं को ध्यान कराकर अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रगणों को आभार प्रकट करने के लिए कहा द्य उन्होंने बताया कि एक मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही सफल समाज का निर्माण कर सकता है।उसके बाद कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष नवीन पंत ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए तकनीकी कुशलता, शिक्षण-पाठ्यक्रम तथा बच्चो को आगे बढ़कर मंजिल को पाने हेतु प्रोत्साहित किया। संस्थान के प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं कॉलेज के सी.ए.ओ. अनुभव बाटला ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस पूरे कार्यक्रम को सफलता पूर्वक मनाने के लिए सांस्कृतिक विभाग तथा संस्थान के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का पूरा सहयोग रहा।

# नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के रंजीत सिंह बने किच्छा के अध्यक्ष

किच्छा(उद संवाददाता)।नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट उत्तराखंड के जिला अध्यक्ष भूपेश छिमवाल ने किच्छा पहुंचकर यूनियन का विस्तार करते हुए वरिष्ठ पत्रकार रंजीत सिंह मानकिया को किच्छा इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार व जिला मान्यता प्राप्त मोहम्मद यासीन को नगर इकाई किच्छा का महामंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष भूपेश छिमवाल ने दोनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं इस मौके पर जिला



अध्यक्ष भूपेश छिमवाल ने नगर के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल अली तन्हा को जिला सचिव घोषित किया। वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल्ल अली तन्हा ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष शादाब हुसैन, कोषाध्यक्ष गिरधर रावत, सहित किच्छा के पत्रकार विकास दावड़ा, अल्तमश मलिक, मनीष सीडाना, जीशान पठान, सत्यजीत सरकार ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को, बधाई देते हुए उनकेउज्जवल भविष्य की कामना की।

# पालिका में धूमधाम से मना स्थापना दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना की 23वीं वर्षगांठ तहसील मुख्यालय और नगर पालिका में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान एसडीएम ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।बुधवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर तहसील गदरपुर और नगरपालिका के सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील मुख्यालय में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी की मौजूदगी में राज्य निर्माण आंदोलनकारी शैलेंद्र शर्मा, वीरेंद्र पांडेय एवं अमित शर्मा के अलावा पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में



तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, लेखपाल सतपाल बाबू, मुकेश कुमार, विजय गुप्ता, दीपक वर्मा, हुमा रशीद, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे। वहीं, नगरपालिका के सभागार में पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस ने उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 23 वी वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पांच, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पांच, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दो शौचालयो के निर्माण हेतु लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अधिशासी अधि कारी जगदीश चद्र, सभासद रोहित कुमार सुदामा, अमरजीत सिंह, बृजेश चौध री, जुनेद अंसारी, एसपी गुप्ता, जयपाल शर्मा, सीताराम सिंह, बिजेंद्र कुमार, दया जोशी, सुश्री प्रभा, दीपेश जोशी सहित अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अभिव्यक्ति ही वह माध्यम है जो विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास में सहायक है। इन्हीं कौशलों के विकास के लिए बीएचइएल द्वारा डी पी एस में भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत विषय पर वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने अपना अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीएचइएल की ओर से आये हुए अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरके सक्सेना ( ए. जी.एम) ,आलोक केरकेट्टा एसडीएम जीएम,



कपिल भारती, शैलेंद्र मित्तल, सोहन कुमार उपस्थित थे। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं की ईशानी अरोरा ने प्रथम, कक्षा 11 वीं की प्रतिष्ठा दीक्षित ने द्वितीय, कक्षा 9 वीं श्रेया यादव ने तृतीय स्थान और सांत्वना पुरस्कार कक्षा 10 वीं की छात्रा ओमामा ने प्राप्त किया।वहीं अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10वीं कक्षा की अगमदीप कौर और तान्या मित्तल ने द्वितीय पुरस्कार कक्षा 10 वीं की वैदेही प्रकाश ने, तृतीय पुरस्कार 12 वीं कक्षा की नक्षत्रा कामरा ने तथा सांत्वना पुरस्कार 9वीं कक्षा की ध्वनि गंभीर को प्राप्त हुआ।विजयी प्रतिभागियों को बीएचइएल द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थी जीवन ही जीवन की आध ारशिला है जहाँ हम को अवसर मिलते है और हमें उन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।उन्होंने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा का जोरदार स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का आज यहां रामनगर रोड स्थित रामलीला ग्राउंड के सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि भाजपा ने हालिया प्रदेश भर में संगठन की जिला अध्यक्ष नियुक्त किए। काशीपुर बाजपुर गदरपुर और जसपुर विधानसभाओं को मिलाकर भाजपा संगठन में एक जिला बनाया गया है। जिसमें गदरपुर निवासी गुंजन सुखीजा को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। गुंजन सुखीजा के जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह देखा गया। रामलीला ग्राउंड के सभागार में विधिवत पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री सुखीजा ने



कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए उसे और भी प्रभावशाली बनाएंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदेश नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री का विशेष रूप से आभार जताया। कहां की उन्हें जो जिम्मेदारी संगठन के द्वारा दी गई है। उस पर वह पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे साथ ही अति शीघ्र कार्यकारणी का गठन करते हुए कार्यकारिणी के नामावली सूची प्रदेश अध्यक्ष को प्रेषित करेंगे। इस मौके पर राज दीपिका मधुर, मंजू यादव, अर्जुन पाल, मोहन बिष्ट, कुलवंत सिंह चड्डा आदि दर्जनों मौजूद रहे।

# सीबीजी प्लांट के प्रारम्भ होने से दस टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारण कर कॉम्प्रेस बायो गैस बनेगा

## मण्डलायुक्त ने किया रूद्रपुर में बने कूड़े के ढेरों का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त दीपक रावत ने रूद्रपुर में बन रहे कम्प्रेस बायो गैस (सीबीजी) प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होने सीबीजी के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास कुमार को तेजी लाने के निर्देश दिये। के पास, भदईपुरा, आदि विभिन्न स्थानों पर बने कूड़े के ढेरों का निरीक्षण किया। उन्होने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को निर्देश दिये कि जिस दुकान/संस्थान के स्थान पर कूड़े का ढेर जमा है उसको नोटिस जारी करने व कूड़ा डालने वाले खिलाफ चालान की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने पहाड़गंज में बने नगरीय ठोस एवं अपशिष्ट कूड़ा (लेंगेसी वेस्ट) प्लांट का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि गीला कूड़ा अलग-अलग करने एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालने के लिए जागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि सीबीजी प्लांट के प्रारम्भ होने से 10 टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारण



उन्होने कहा कि पहला चरण की वेस्ट प्रोसेसिंग प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। उन्होने प्लांट में हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली। इसके उपरान्त मण्डलायुक्त ने शहर के सोनिया होटल पर नियमानुसार चालान की कार्यवाही करना सुनिश्चि करें। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि सार्वाजनिक स्थलों पर यदि कोई कूड़ा डालते हुए पाया जाता है तो नगर निगम सम्बन्धित के पहाड़गंज में बने नगरीय ठोस अपशिष्ट कूड़ा निस्तारण (लेंगेसी वेस्ट) द्वारा एक हजार बीस टन कूड़ा छांटकर अलग-अलग किया जा चुका है। उन्होने बताया कि अमजन को सूखा कूड़ा एवं कर कॉम्प्रेस बायो गैस बनेगा।इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल आदि लोग उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में बने पार्क का डीएम ने किया उदघाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने पार्क का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होने कहा कि कलेक्ट्रेट में आने वाले लोगों को पार्क का लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि पार्क को आकृषित बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के फूल, वृक्षों का उपयोग किया गया है। उन्होने कहा कि हमारे आस-पास का पर्यावरण बेहतर होने से स्वास्थ्य और मन दोनो स्वस्थ्य रहते है जिससे हम सब अपने कार्यों को और बेहतर एवं साकारात्मक ऊर्जा के साथ करते है और कार्य में भी मन लगता है। उन्होने कहा कि इस पार्क का लाभ कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों



के साथ-साथ दूर से आने वाले लोगों को भी मिलेगा और कलेक्ट्रेट परिसर पहले से अधिक सुन्दर लगेगा एवं परिसर का पर्यावरण भी संतुलित रहेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह, निदेशक यूआईआरडी आरडी पालीवाल, उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, ओसी मनीष बिष्ट, पीडी डीआरडीए हिमांशु जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी ऐके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

# राज्य आंदोलनकारियों से नहीं लिया जाएगा हाउस टैक्स

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर निगम सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मेयर रामपाल सिंह ने राज्य आंदोलनकारियों एवं नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मेरा रामपाल सिंह ने राज्य आंदोलनकारियों को सौगात देते हुए उन पर हाउस टैक्स नहीं लगाने की घोषणा भी की।नगर निगम की ओर से रूद्रपुर में पहली बार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान समारोह आयोजित क्या गया। जिसमें राज्य आंदोलनकारी अनिल चौहान, बलराज सिंह राज ,महेंद्र सिंह धानक, सुनील चौहान को मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । साथ ही साथ नगर निगम रुद्रपुर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल के अलावा कार्यालय प्रबंधन के लिए कपूर सिंह, स्वच्छ वार्ड के



लिए पार्षद रीना जग्गा, वार्ड के सुपरवाइजर कर्म सिंह दानू एवं पर्यावरण मित्र अनिल कुमार, सेफ्टी का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करने के लिए अजय बंसल, नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुचारू करने के लिए उमेश पंत ,सर्वाधिक टैक्स कलेक्शन करने के लिए गणेश पपने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए श्रीमती ममता, निर्माण की गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए मनोज गहतोड़ी, सागर नेगी, कंप्यूटर ऑपरेटर पूरन सिंह बोरा एवं ड्राइवर कुलदीप को भी मेयर रामपाल सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले राज्य आंदोलनकारियों का हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा जिसके लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाने की बात कहीं। मेयर रामपाल ने कहा उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष के बाद मिला है देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हम सबका कर्तव्य है। महापौर रामपाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां था कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा जिसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार काम किया जा रहा है । इस अवसर पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहायक नगर आयुक्त राजू नदियाल दीपक गोस्वामी गजेंद्र पाल लता आर्या पार्षद सुशील चौहान विनय विश्वास रीना जग्गा राजेश जग्गा रजनी रावत शैलेंद्र रावत सुनील कुमार अशफाक विधान राय भुवन गुप्ता प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दीप यज्ञ के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत 4 दिनों से चल रहा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दीप यज्ञ के बाद समापन हो गया। इससे पूर्व श्री गायत्री माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई तत्पश्चात गायत्री महायज्ञ, संस्कार, दीक्षा, मुंडन, जनेऊ, पुंसवन संस्कार एवं विद्यारंभ जैसे संस्कार संपन्न कराए गए। सायंकाल भव्य दीप यज्ञ के साथ ही गंगापुर रोड नंद विहार कॉलोनी में गायत्री चेतना केंद्र पर कार्यक्रम का समापन पूर्णाहुति के साथ हो गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय टोली शांतिकुंज हरिद्वार से आए टोली नायक शशिकांत सिंह एवं



उनके सहयोगियों ने पूर्ण कराया। 24 कुंडलियां महायज्ञ का उद्देश्य भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण, मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण एवं पर्यावरण शुद्धि हेतु किया गया था। इस अवसर पर अनुज अग्रवाल, अशोक कुमार छाबड़ा ,भोला यादव ,ललित राठौर ,यशवंत सिंह ,त्रिभुवन शर्मा , जनक प्रसाद कुशवाहा , चंद्र प्रकाश शर्मा , पीएन मिश्रा , प्रेम शंकर पांडे , सुशील शर्मा, रामचरण, राजेश शैली , कन्हैया खंडेलवाल, ललित राठौर, समरजीत सिंह सहित गायत्री परिवार के भैया बहन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गंगापुर में स्वतंत्रता सेनानी द्वार और नारायणपुर कोठा में बनेगा अम्बेडकर द्वार

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ग्रामीण जन संवाद के आठवे दिन के तहत गंगापुर ,गणेशपुर नारायणपुर कोठा व तथा ग्राम नारायणपुर पहुंचे। इस मौके पर विध



ायक तिलक राज बेहड़ ने सभी ग्रामवासियों को उत्तराखंड स्थापना दिवस की बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में कहा की वे किसी के भ्रम में ना पड़े जातिवाद की राजनीती करने वालो से दूर रहे, मुझे आप लोगों ने वोट देकर जिताया है, मै हमेशा पूर्व की भाँति आप लोगो की सेवा में उपस्थित रहूंगा। बेहड़ ने बढती महंगाई बेरोजगारी,बेरोजगारी तथा राज्य में बढते अपराधों के पीछे की वजह भाजपा सरकार की नाकामियों को बताया। सभी ग्रामीणों ने अपने विधायक का फूल मालाओं के साथ स्वागत व अभिनंदन किया तथा अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विधायक तिलकराज बेहड़ के समक्ष रखा।गांववासियों की अधिकांश प्रमुख समस्याये पेंशन ,आवासीय पट्टे ,राशन कार्ड तथा बिजली से सम्बंधित थी ,जिसका संज्ञान लेते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने को कहा। साथ ही ग्रामीणों की मांग पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने ग्राम गंगापुर में स्वतंत्रता सेनानी द्वार तथा नारायणपुर कोठा में अम्बेडकर द्वार का निर्माण विधायक निधि से कराये जाने की घोषणा की।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गुड्डू तिवारी,अशोक चुग,रामकुमार सिंह,संतोष ठाकुर ,प्रमोद कुमार ,मनोज पाठक,सुदेश प्रताप सिंह,सर्वजीत सिंह,अक्षय प्रताप सिंह,अजय विक्रम ,निशांत शाही,नन्द किशोर,जगदीश,देव नारायण,त्रिपाठी जी वकील ,गुलशन ,डमरी मिस्त्री ,प्रताप नारायण,शोना शंकर ,रुदल आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्य में विकास ठप और युवाओं का पलायन लगातार जारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने राज्य को मजबूती के साथ बुलंदियों तक ले जाने प्रदेश को बने 22 वर्ष बीत गए है लेकिन राज्य से युवाओं का पलायन लगातार जारी है युवाओं को नौकरियां नही मिल रही है। किसान परेशान है । उन्होंने इस पर विशेष कार्ययोजना बनाने की मांग की ।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिडकुल की स्थापना की। गोष्ठी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, विजय अरोरा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राम दयाल सिंह,



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आव्हान किया। गोष्ठी में राज्य को मजबूती के साथ आगे ले जाने और विकास के मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने की कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शपथ ली। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि जगदीश तनेजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने राज्य को विकास की तरफ न ले जाकर उसे विनाश की तरफ ले जाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी ने राज्य को विकास के मामले में नई दिशा प्रदान की उन्होंने पलायन रोकने के लिए एनएसयूआई के अध्यक्ष, चेतन भट्ट डॉक्टर सुमित राय, बाबू विश्वकर्मा, राजीव यादव, अजय यादव, मनोज कुमार, कुलविंदर, लकी प्रधान, कांवल सिंह प्रधान विन्दूखेड़ा, ओमपाल शंकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा द्वारा किया गया।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम देवपुरी समिति द्वारा मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। प्रात: आयोजन स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे भारी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन कीर्तन करते चल रही थीं। साथ में अन्य श्रद्धालु भी शामिल थे। भव्य कलश यात्रा मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम से प्रारंभ होकर अनेक मार्गों से होकर गुजरते हुए वापस आयोजन स्थल में समाप्त हुई। जहां विधि विधान से कलश स्थापना की गई। आज से आगामी 16 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक कथा वाचक स्वामी श्री नारायण चौतन्य जी महाराज द्वारा श्रीमद भागवत कथा सुनाई जाएगी। इस मौके पर मेयर रामपाल, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री हरीश अरोरा,जतिन नागपाल, जीवन दास फुटेला, कांता रानी, विजय फुटेला,अजय फुटेला,श्री कमल फुटेला,राजकुमार सीकरी, राजकुमार खानिजो,राजेंद्र खनिजो, परवीन खानिजो,प्रशांत अरोड़ा,अमन फुटेला, करन फुटेला,सागर फुटेला, शिवम् फुटेला, दिव्य फुटेला,प्रिया फुटेला, अणु अरोड़ा, श्रेया खनिजो, रिया फुटेला, तारा रानी खनिजो, वामिका अरोड़ा, निम्मी फुटेला, आस्था फुटेला,अनीता फुटेला,सीमा फुटेला,रचना फुटेला,सपना खनिजो,अंजलि खनिजो,पिंकी सीकरी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





# राज्य स्थापना दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में प्रधानाचार्य अनिल दिवेदी के दिशा निर्देशन में राज्य निर्माण के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी ने कहा कि हमें सदैव ऐसे क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेने की जरूरत है जिन्होंने प्रदेश व राष्ट्र के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। जिससे जागरूक होकर हमें निरंतर प्रदेश व राष्ट्र की प्रगति व विकास हेतु तत्पर रहने की जरूरत है! अजली जगाती शाह ने बताया कि हमें अपने प्रदेश की संस्कृति एवं सभ्यता को संरक्षित करते हुए प्रदेश का विकास करना है क्योंकि संस्कृति हमारी पहचान होती है! कार्यक्रम संयोजक डॉ.संदीप कुमार पांडे ने संबोधन में राज्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार पांडे के कुशल दिशा निर्देशन में विद्यालय में चित्रकला पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए पुरस्कार जीते स इस दौरान अंजली जगाती,मुक्ता प्रसाद, निर्मल, राजेंद्र,सतीश,महेशअमित, सुरेंद्र,उमाशंकर के अलावा तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# राज्य स्थापना दिवस पर चलाया सफाई अभियान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महावि द्यालय, नानकमत्ता साहिब के तत्वावधान में राज्य स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए राज्य निर्माण में शहीद आन्दोलनकारियों को नमन किया तथा कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड राज्य बना। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के विकास के लिए राज्य अग्रसर हैं। तथा संस्कृत के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार जोशी एवं हिंदी के सहायक अध्यापक तेज प्रकाश जोशी ने भी छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड के बारे में ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से विशेष रूप से अपील करते हुए अपने भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए एक लक्ष्य तय करने को कहा। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में सफाई कार्यक्रम भी चलाया। इस मौके पर अमृतपाल कौर, , डॉ. राजेश कुमार सिंह, गोपाल सिंह, शोभा बोरा, पंकज सिंह बोहरा, निकिता बिष्ट, ज्योति, प्रिया कुमारी, डॉ. सरस्वती भट्ट, मनोज कुमार, अफ्शा खान, हरविंदर सिंह, कवींद्र सिंह बोरा, वर्षा सक्सेना, कामिनी राणा, रोशन कुमार, नीमा गोस्वामी, आरती राणा, प्रिया थापा,रश्मि सारथी, पूनम राणा, दुर्गानाथ, भूप सिंह समेत छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया स्थापना दिवस

गूलरभोज(उद संवाददाता)। राज्य स्थापना दिवस पर गूलरभोज नगर पंचायत के द्वारा रामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने उत्तराखंड के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अरविंद पांडे के सुपुत्र अतुल पांडे ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने राज्य गठन की आवश्यकता व राज्य का चहुमुखी विकास पर विचार व्यक्त किए। शहर के गणमान्य व्यक्तियों, भूतपूर्व सैनिकों, पत्रकारों, पूर्व प्रधानाचार्य, शिक्षकों नगर पंचायत के कर्मचारियों को मुख्य अतिथि अतुल पांडे भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश सह संयोजक के द्वारा इस स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन गिरीश दुबे ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयर पर्सन अनीता दुबे, तरुण दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, डॉ कुलदीप रघुवंशी, विनोद चंद दीक्षित, गोविंद लटवाल, नंदन सिंह कोश्यारी, ओमप्रकाश डोगरा, इंदर सिंह राठौर, अमित कुमार गुप्ता, रमेश सागर, गोविंद राजभर, भूपेंद्र आर्य, नरेश कुमार, सतीश कुमार, पूनम आर्य, उषा राजभर, शेष नारायण शुक्ला, के एन पांडे, प्रेम सागर, कमल बिनवाल, सचिन यादव, राजेश कुमार, राजेश शर्मा, नरेंद्र ध पोला, प्रकाश आर्य आदि लोग उपस्थित थे।



# वैद्य प्रदीप भंडारी को पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने किया सम्मानित

## राज्य आंदोलन में 33 बार जेल गये थे जेल

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्थापना दिवस की वर्षगांठ पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गौ मूत्र क्रांति संस्थान के संस्थापक एवं राज्य आंदोलनकारी प्रदीप भंडारी को कोटाबाग के पवलगढ़ गांव में आकर सम्मानित किया। बता दें मशहूर वैद्य प्रदीप भंडारी पिछले कई वर्षों से गो मूत्र क्रांति अभियान चला रहे हैं यह अभियान आज देश विदेश में पहचान बना चुका है। हजारों लोग वैद्य प्रदीप भंडारी के पास आकर लाईलाज रोगों से छुटकारा पा रहे हैं। गौ मूत्र और जड़ी बूटियों से असाध्य रोगों को ठीक कर रहे वैद्य प्रदीप भंडारी का उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना में भी बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने युवा अवस्था में कई वर्षों तक राज्य गठन के लिए संघर्ष किया। प्रदीप भंडारी राज्य गठन के लिए के लिए 33 बार जेल भी गये। जहां उन्होंने कई यातनायें सही। जब वह कालेज में पढते थे तब युवा टीम के साथ उन्होंने राज्य आंदोलन की मांग को लेकर लम्बा संघर्ष किया। वे उत्तराखंड राज्य के लिए आवाज बुलंद करने वाले और युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य के पहले युवा राज्य आंदोलन कारी थे। वैद्य प्रदीप भंडारी के इसी योगदान के चलते प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पवलगढ़ स्थित गौ मूत्र क्रांति संस्थान पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र रावत ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के लम्बे संघर्ष के बाद उत्तराखण्ड राज्य प्राप्त हुआ। राज्य गठन से पहले इस राज्य में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव था। राज्य बनने के बाद इस पहाड़ी राज्य क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। विकास के साथ साथ रोजगार के संसाधन भी बढ़े हैं। यहां के लोगों का जीवन स्तर लगातर सुधर रहा है। इसके पीछे राज्य आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदीप भंडारी जैसे युवा आंदेलनकारियोंने राज्य आंदेलन को मुकाम तक पहुंचाया था। उनके इस योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। इस मौके पर वैद्य प्रदीप भंडारी को सम्मानित करने वालों में मण्डी के पूर्व चेयरमैन गजराज सिंह बिष्ट, वन विकास निगम के पूर्व चेयरमैन सुरेश परिहार के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद बोरा, पान सिंह मेवाड़ी, राजेंद्र कनवाल भी मौजूद थे।



# थाना चोरगलिया को मिला उत्कृष्ट थाने का खिताब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में नैनीताल पुलिस के थाना चोरगलिया को उत्तराखंड राज्य का सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित करते हुए हरेंद्र सिंह नेगी, थानाध्यक्ष चोरगलिया को सम्मानित किया गया। थाना चोरगलिया को बीपीआर एंड डी के मापदंडों तथा चोरगलिया क्षेत्र में प्रभावी अपराध एवम् कानून व्यवस्था बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया। अशोक कुमार, डीजीपी द्वारा थानाध्यक्ष चोरगलिया व थाने की टीम की प्रसंशा की गई। साथ ही पंकज भट्ट, एसएसपी द्वारा बधाई दी गई।








# महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के पश्चात बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा पायल विश्वास ने दुर्गा स्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एमए समाज शास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी यादव ने चौता की चौत्वाली पर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी कक्षा की रिंकी विश्वास ने राजस्थानी लोक नृत्य तथा रितु मण्डल ने बंगाली नृत्य प्रस्तुत किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अफशां अंजुम ने उत्तराखंड के ऊपर एक प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत की।बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंजली बिष्ट ने राज्य स्थापना दिवस पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त बीएससी की छात्राओं ने उतराखंड की लोकसंस्कृति से जुड़ा समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा ने मॉडर्न कुमायूँ नाम से एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पाण्डेय ने शिक्षकों और विद्यार्थियों का अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ उत्तराखंड के विकास में अपना योगदान देने के लिए आह्वान किया। प्रोफेसर सर्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों को उत्तराखंड राज्य स्थापना के लिए राज्य की जनता द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका के निर्वहन के लिए कोई कसर न छोड़ें। समाजशास्त्र विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. हेमलता सैनी ने उत्तराखंड राज्य की लोक संस्कृति के विविध रंगों को बहुत कम समय की तैय्यारी में मंच पर सरलता पूर्वक प्रस्तुत करने के लिए छात्राओं का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पारदर्शी कार्यशैली

भारत की सर्वोच्च न्यायालय में अब अपनी पारदर्शी छवि के लिये चर्चित न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ भारत के नए प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति हो चुकी है। जब कभी इस पद पर कोई नया व्यक्ति आता है तो उससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की पारदर्शीता को बनाये रखने की उम्मीदें लगाई जाती हैं। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने शपथ लेने के पहले और उसके बाद कई करिश्मायी बदलाव की बातें कही हैं और कुछ संकेत भी दिए हैं जिनसे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे क्या कुछ नया बदलाव कर सकते हैं। जहां तक एक प्रधान न्यायाधीश के कुछ कर पाने का सवाल है, तो हाल का अनुभव यह है कि इस पद पर ज्यादातर न्यायाधीशों का कार्यकाल ज्यादा नहीं रहा। लेकिन न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के पास भरे पूरे दो साल हैं। इसलिए उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे जो कुछ करना चाहेंगे, उसे कर पाएंगे। शपथ लेने के पहले उन्होंने काफी कुछ कहा जिससे उनकी प्राथमिकताओं का अंदाजा लगता है। इसके अलावा उनकी पृष्ठमूमि और कार्यशैली के आधार पर भी अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में न्यायपालिका में क्या बदलाव देखने को मिल सकते हैं। देश को एक ऐसे प्रधान न्यायाधीश मिले हैं जो मानते हैं कि संवैधानिक लोकतंत्र में कोई भी संस्था परिपूर्ण नहीं हो सकती, लेकिन हमारे पास इसे उन्नत करने की अच्छी गुंजाइश है क्योंकि हमारी न्याय व्यवस्था में अभी भी उपनिवेश काल के लक्षण हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इसे ज्यादा पारदर्शी और नागरिकों के लिए सरल बनाने की बात कही है। यानी आगे यह देखा जाना महत्त्वपूर्ण होगा कि न्याय प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी कैसे बनेगी। प्रधान न्यायाधीश की कही एक और बात से यह संकेत भी मिलता है कि उनकी विचार व्यवस्था के केंद्र में देश का नागरिक होगा। बहुत संभव है कि उनके नेतृत्व में भारतीय न्याय व्यवस्था को अब हम सामान्य नागरिकों के हित में कुछ उदार होते हुए देखें। यह उम्मीद इस आधार पर भी लगाई जा सकती है कि कार्यभार संभालने के पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ महात्मा गांधी को नमन करने गए। महात्मा गांधी ने कहा था कि पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। इस तरह एक गुंजाइश यह बन सकती है कि कठोर दंड की बजाय अब उदारता के साथ अपराधियों के सुधार के कुछ प्रयोग होते दिखें। न्यायपालिका में समयानुकूल एक और सुधार की उम्मीद भी लगाई जा सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का भी जिक्र किया है। इस सिलसिले में गौर करने की बात यह है कि उन्होंने न्यायतंत्र में भी समयानुकूल प्रशिक्षण की जरूरत की तरफ इशारा किया है। अगर न्याय कार्य में प्रबंधन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का संकेत मिला है तो एक उम्मीद यह भी लगाई जा सकती है कि न्यायालय में प्रशासनिक कार्यो में प्रौद्योगिकी का प्रयोग बढ़ेगा। हो सकता है कि अब अदालतों में डिजिटल व्यवस्था के तहत लाईव लॉ की संभावनाओं को बल मिले और प्रशिक्षित प्रबंधकों की नियुक्ति का कार्य आगे बढ़ता दिखाई दे। बेशक इससे अदालतों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में बहुत मदद मिलेगी। जहां तक न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की न्यायिक और अकादमिक पृष्ठभूमि का पहलू है तो यह पहले से ही माना जाता है कि वे न्याय दर्शन के विद्वान हैं, न्याय सिद्धांत के एक संजीदा अध्येता हैं। इस आधार पर बहुत संभव है कि आने वाले दिनों में हमें कुछ ऐसे फैसले देखने को मिलें जो नजीर बन जाएं। खासतौर पर मानवाधिकारों या नागरिक अधिकारों के जटिल मामलों में न्यायोचित उदारता बढ़ने की भी उम्मीद लगाई जा सकती है। सकारात्मक बदलाव की इतनी उम्मीदें लगाई जा रही हैं तो जल्द ही हमें यह भी देखने को मिल सकता है कि सामान्य नागरिकों के हित के प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायलय में अब स्वत संज्ञान के मामले बढ़ते दिखाई दें। बहरहाल नये चीफ जस्टिस की नियुक्ति पर उम्मीदों का ज्वार प्रबुद्ध समाज में उमड़ आया है।

# समृद्ध और खुशहाल राज्य होगा उत्तराखण्डः धन सिंह

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। 22वॉ राज्य स्थापना दिवस जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनपद मुख्यालय समेत जनपद की समस्त तहसीलों एवं विकासखण्ड मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जनपद के प्रभारी मंत्री धन सिंह मुख्यालय में सीटी बस का संचालन किया गया है जिसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन व नगर पालिका अध्यक्ष व विधायक व सभी जनपदवासियों को शुभकामनायें दी। तत्पश्चात शिखर होटल के समीप स्थित शहीद स्मारक पर मा0 प्रभारी मंत्री सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं अधि की नियुक्ति भी की जा रही है ताकि शिक्षको की कमी को दूर किया जा सके। प्रभारी मंत्री ने कलैक्ट्रेट परिसर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॅालों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने समाज शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर अन्तराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी एकता बिष्ट को भी प्रभारी मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडम्स इन्टर कालेज एवं जीजीआईसी की बालिकाओं ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विध





रावत ने कलैक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समस्त जनपद एवं राज्यवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। प्रभारी मंत्री, विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष तथा जिलाधिकारी वंदना समेत अन्य ने चौघानपाटा से सिटी बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन व सरकार के प्रयास से जनपद कारियों ने पुष्पाजंली अर्पित की। मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में 3 हजार नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति की जायेगी जो वर्षवार होंगे तथा 800 से ज्यादा एएनएम की भर्ती भी वर्षवार की जायेगी। उन्होंने कहा कि 339 असिस्टेण्ट प्रोफेसरों की नियुक्ति की जा रही है ताकि अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में फैकल्टी की दिक्कत न हो साथ ही 5 हजार से ज्यादा शिक्षकों कल्याण, बाल विकास विभाग के माध्यम से लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये।इस दौरान मा0 विधायक मनोज तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राज्य आन्दोलन के दौरान किये गए संघर्ष को याद किया तथा सभी ने राज्य स्थापना दिवस पर जनपद वासियों को बधाई एवं ानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डे समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति, राज्य आंदोलनकारी केवल सती एवं जमन सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी वन्दना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिले के विकास के लिए होगा हरसंभव प्रयासः डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर में राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। नुमाइशखेत मैदान में हुए मुख्य कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।जिपं अध्यक्ष और डीएम द्वारा राज्य आंदोलनकारियों का बैच अलंकरण कर स्वागत किया गया। नुमाइशखेत स्थित मैदान में स्थापना दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा कई मामलों में आपदा और चुनौतियों से जूझता रहा है, लेकिन उत्तराखंडवासियों का सपना है कि आने वाला समय उत्तराखंड के लिए उज्ज्जवल होगा। वही जिलापंचायत अध्यक्ष बसन्ती देव ने कहा किया जाएगा। वही कार्यक्रम में कपकोट प्रमुख गोविन्द सिंह दानू, बागेश्वर प्रमुख पुष्पा देवी,एसपी हिमांशु वर्मा,सीडीओ सजंय सिंह,वरिस्ठ राज्य आंदोलनकारी गंगा सिंह पांगती,पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह






कार्यक्रम पेश किए।सुबह जिपं अध्यक्ष बसन्ती देव और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रभात फेरी निकाली गई।डीएम और एसपी ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाई।इसके बाद जिले के स्टॉल लगाए गए।उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को भी याद किया।9 नवंबर 2000 को उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ था।कई मामलों में राज्य ने देश में अपनी अलग जगह बनाई है तो कि जिले का विकास राज्य के वाशिंदों की मंशानुसार हो इसके लिए विकास कार्यो में जनसहभागिता आवश्यक होती है।वही जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जिले के विकास के लिए अनवरत प्रयास राणा,एसडीएम हरगिरि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी,पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश सोनी,सभासद धीरेंद्र परिहार, मनोज कुमार, तनुज तिरूवा, सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसजनों ने उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि वाला सबसे सुंदर राज्य उत्तराखंड है।इसका पूर्व नाम उत्तरांचल था।भारत के पर्वतीय राज्य उत्तराखंड का गठन 9 नवंबर 2000 को भारत के 27 वें राज्य के तौर पर किया गया



अर्पित की।इसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने कहा कि भारत में प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करने था और प्रतिवर्ष इसी तिथि को उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया जाता है।अलग होने से पूर्व यह राज्य उत्तरप्रदेश के साथ जुड़ा हुआ था।उत्तराखंड का गठन उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी भाग से कई जिलों और हिमालय पर्वत श्रृंखला के एक हिस्से को मिलाकर किया गया था।इस वर्ष 22 वां उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून है और उच्च न्यायालय नैनीताल में स्थित है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय,विधायक मनोज तिवारी,नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रौतेला,महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी,नारायण दत्त पाण्डेय, शहजाद कश्मीरी,जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक,जिला सचिव दीपांशु पाण्डेय, महेश आर्या, सरस्वती रोडियो,राबिन भण्डारी,रमेश नेगी, अरविन्द रौतेला,पूनम आर्या आदि शामिल रहे।

# राज्य आंदोलनकारियों ने सादगी से मनाया स्थापना दिवस

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नगर से 30किलोमीटर दूर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण का श्रेय भले ही कई राजनैतिक दल लेते हों किन्तु वास्तविकता यह है कि उत्तराखंड राज्य निर्माण हेतु 42लोगों ने शहादत दी तथा हजारों लोगों ने त्याग व बलिदान दिया, यातनाएं सही, अकूत जल संपदा, बेशकीमती जड़ी बूटियों, खनिज संपदा,रमणीक, ऐतिहासिक ,धार्मिक पर्यटन स्थलों से भरी इस देवभूमि में बने राज्य को जहां देश के अग्रणी राज्यों में होना था राज्य बनने के बाद बिकास की सही दिशा दशा तय न होने से राज्य निर्माण के 22वर्षो में राज्य की अर्थव्यवस्था कर्ज से चल रही है राज्य में कृषि भूमि बंजर भूमि में बदल गई है, जंगली आवारा जानवरों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है । इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों की पैंशन में बृद्धि, क्षैतिज आरक्षण बहाल करने, राजधानी गैरसैंण बनाने, राज्य आंदोलनकारियों के गांवों को



आदर्श गांव बनाने, आश्रितों को शीघ्र पैंशन देने,छूटे आंदोलनकारियों को चिन्हित करने सहित अनेक मांगों का एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भेजा गया,इस अवसर पर ब्रह्मा नन्द डालाकोटी,मोहन सिंह भैसोड़ा,दौलत सिंह बगड्वाल, शिवराज बनौला, गोपाल सिंह बनौला, नवीन डालाकोटी, पूरन सिंह बनौला, दिनेश शर्मा, तारा राम, कैलाश राम ,मदन राम,शंकर दत्त डालाकोटी, कृष्ण चंद्र, कुन्दन सिंह,पदम सिंह,पान सिंह,नंदन सिंह, देवनाथ गोस्वामी,बसन्त बल्लभ जोशी हेम जोशी बचुली देबी,हरीश राम उदय महरा, रोहित सिंह पैनवाल,सौरव डालाकोटी,भुवन चंद्र जोशी रमेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैम्प कार्यालय कर्नाटक खोला लोअर माल रोड में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक अल्मोडा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी अल्मोडा द्वारा श्री कर्नाटक से आग्रह किया गया था कि वर्तमान समय में चिकित्सालयों में रक्त की कमी है जिसे देखते हुये इस शिविर को आयोजित किया जाना आवश्यक है, पूर्व में भी श्री कर्नाटक को ब्लड बैंक द्वारा जब भी रक्त की कमी की बात उनके संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने अनेकों रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में भी अनेकों युवाओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया और शिविर को सफल बनाया । इस अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने स्वयं भी ब्लड डोनेट किया । उन्होने कहा कि रक्त दान सबसे महान दान है, रक्त का कोई विकल्प नहीं है । रक्त की कमी को रक्तदान के साथ ही पूरा किया जा सकता है । धनदान,भोजन दान,श्रम दान या अन्य दान किसी को कुछ देर का सुख दे सकते हैं जबकि रक्त का दान किसी को नया जीवन दे सकता है ।श्री कर्नाटक ने जोर देते हुये कहा कि हमें स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ समाज के लोगों खासकर युवाओं को रक्तदान करने के लिये जागरूक करना चाहिये ताकि किसी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में अपनी जिंदगी न गंवानी पडे । उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने पर बल दिया । इस रक्तदान शिविर में अल्मोडा जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने रक्त एकत्रित किया तथा इस शिविर के सफल आयोजन हेतु श्री कर्नाटक को धन्यवाद प्रेषित किया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता किशन गुरूरानी,डा०आर.एस. शाही,शुभम, महेंद्र सिंह बिष्ट,संजय,खीमानंन्द कांडपाल, मनोज बिष्ट (भय्यू) डा.करन कर्नाटक, रमेश चंद्र जोशी, देवेन्द्र प्रसाद कर्नाटक , महेश चन्द्र कर्नाटक, गोपाल मोहन भट्ट, अशोक सिंह, रोहित शैली, नरेश चंद्र जोशी,अमर बोरा,रोहित शैली,गौरव अवस्थी, भुपेंद्र भोज,हेम जोशी,हनी वर्मा, अभिषेक बनौला, प्रकाश मेहता, रश्मि काण्डपाल, हर्षिता तिवारी, भावना काण्डपाल सहित स्थानीय वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# सत्यों में रामलीला मंचन की धूम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकासखंड लमगड़ा के ग्राम सभा सत्यों में रामलीला मंचन का छठा दिवस रोचक रहा।जिसमें राम,लक्ष्मण,सीता,सूर्पनखा के किरदार में महिला पात्रों ने धूम मचाई।नासिका छेदन,खर दूषण,त्रिफला वध से सीता हरण तक की लीला काफी रोचक रही। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख लमगड़ा विक्रम बगड़वाल,परितोष जोशी,हरि सिंह



सतवाल,बालम कपकोटी,देवराम, दिनेश सहारा,नंदन सिंह,दीपक मलाडा आदि उपस्थित रहे।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष दीवान सतवाल,प्रबंधक विजय सतवाल, निर्देशक राम सिंह सतवाल,कोषाध्यक्ष अनिल सतवाल,उप प्रबंधक जसवंत सतवाल,उपाध्यक्ष नरेंद्र सतवाल आदि भी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने आरएएफ के साथ जन संपर्क कर काठगोदाम में किया फ्लैग मार्च

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी द्वारा जनपद पुलिस की प्रभाविकता और जनता के पुलिस के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए अपराध व कानून व्यवस्था के मद्देनजर जिले के संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ पुलिस बल को रेपिड एक्शन फोर्स के दल बल के साथ सम्मिलित कर 7 दिवसीय जन संपर्क अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। यह अभियान रैपिड एक्शन फोर्स की 108 वेदव्यास बटालियन मेरठ के प्रभारी




अधिकारियों व फोर्स के साथ 8 नवंबर से 14 नवंबर तक दिवस वार रामनगर, काठगोदाम, मुखानी/कालाढूंगी, बनभूलपुरा, हल्द्वानी, लालकुआं, तल्लीताल/मल्लीताल क्षेत्रों में चलाया जायेगा। जिस क्रम में गत दिवस बीएस धोनी, सीओ सदर हल्द्वानी के निर्देशन में प्रमोद पाठक, थानाध्यक्ष काठगोदाम, उ.नि.फिरोज आलम, उ.नि.त्रिभुवन जोशी, समन्वय अधिकारी उ.नि.मो.यूनुस व थाना काठगोदाम पुलिस बल तथा रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट सत्यवीर सिंह चौधरी, निरीक्षक नरदेव सिंह चौधरी समेत 40 आर ए एफ कर्मियों/अधिकारियों की सशस्त्र प्लाटून के साथ फ्लैग मार्च किया गया। आरएएफ कमाण्डेन्ट द्वारा मार्ग में उपस्थित व्यक्तियों व स्कूली बच्चों से वार्तालाप की गयी।

# उत्तरकाशी ने जीती ओपन बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय ओपन बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता उत्तरकाशी की टीम ने बागेश्वर को पराजित कर जीत ली। प्रतियोगिता का समापन श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। इससे पूर्व पहला सेमीफाइनल मैच बागेश्वर व नैनीताल के मध्य खेला गया। जिसमें बागेश्वर 1-0 से विजय रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच उत्तरकाशी व पिथौरागढ के मध्य खेला गया। जिसमें उत्तरकाशी 2-0 से विजय रही। फाइनल



मैच उत्तरकाशी व बागेश्वर के मध्य खेला गया जिसमें उत्तरकाशी 2-0 से विजय रही। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण डॉ. डीके सिंह ओलंपिक महासचिव उत्तराखंड ने किया। विशिष्ट अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा मैनेजर अतर सिंह रहे।इस अवसर पर निर्मला पंत, वरून बेलवाल, धीरज जोशी, हरीश राम, रघुवीर सिंह, सुरेश बिष्ट, अनिल कुमार, महेंद्र कुमार, कुंवर, नीतीश आदि उपस्थित थे। अंत में जिला क्रीड़ा अधिकारी ने समस्त खेल प्रेमियों और जनता का आभार व्यक्त किया।

# भाजपाईयों ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। राज्य स्थापना दिवस पर नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर राजनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। वक्ताओं ने उत्तराखंड राज्य प्राप्त करने के लिए किए गए संघर्ष के बारे मे बताया तथा लोगों द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने बताया कि केंद्र की



तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य की स्थापना किया गया है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने राज्य स्थापना दिवस से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में उधम सिंह नगर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्तिक राय, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, देबू मंडल ,प्रदीप मंडल, संजय बाछाड़, जगदीश डालमिया, विजय बागला ,विश्वजीत हालदार ,विष्णु प्रमाणिक, रवि मजूमदार, प्रियजीत राय ,अशोक माली, मयंक अग्रवाल,उत्तम दास, मीना मजूमदार, गोविंद सरकार,विष्णु प्रमाणिक,कार्तिक सुतार,रविन्द्र बिश्वास आदि मौजूद थे।

# गुरुद्वारा बिंदुखेड़ा में चुघ को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ को गत दिवस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ग्राम बिंदुखेड़ा में श्री गुरु नानक प्रकाश उत्सव पर आयोजित विशेष धार्मिक दीवान में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व श्री चुघ ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने हमेशा दूसरों की भलाई करने का संदेश दिया है।उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के आदर्शों पर चलकर अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। श्री चुघ ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त किया और गुरुद्वारा में लंगर प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान प्रीतम सिंह ने कहा कि श्री चुघ गुरु नानक जी के आदर्शों पर चलकर पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा श्री चुघ समाज के गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए सदैव आगे आते रहे हैं। लोगों को इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने बताया



कोरोना महामारी के दौरान श्री चुघ द्वारा लोगों की हर संभव चिकित्सा, भोजन, दवा आदि की मदद की गई जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है।इस मौके पर गुरुद्वारा के हेड ग्रंथि बलविंदर सिंह,क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरबाज सिंह, गुरचरण सिंह, कुलवंत सिंह, जोगिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, काला सिंह, छिंदरपाल सिंह, अमरजीत सिंह, शमशेर सिंह, अमनदीप सिंह, गुरमीत सिंह, डॉ. मुख्तयार सिंह सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी पर विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगा है।डीजीपी के आदेश पर मुखानी थाने में आठ लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। इनमें इंडियन ओवरसीज बैंक का मैनेजर भी शामिल है।उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर निवासी शाहनवाज ने पुलिस को बताया कि दो महिलाओं समेत छह लोगों ने पद्मावती टॉवर पीलीकोठी के पास एक कांप्लेक्स को किराए पर लिया है। जहां पर स्काई ट्रैवलर्स एंड टूर के नाम से आफिस खोला है। इंडियन ओवरसीज बैंक हल्द्वानी के बैंक मैनेजर व स्टाफ ने जालसाजी कर निधि शर्मा के खाते में नियम विरुद्ध स्काई ट्रैवलर्स एंड टूर का लोगो लगाया है।करीब 14 लोगों से इन लोगों ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी की है और लोगों को विदेश में भेजने के नाम पर जमा होने वाले करोड़ों रुपये निधि शर्मा के खाते में जमा किए गए हैं। जिसमें उसके और 13 अन्य लोगों के 10.66 लाख रुपये जमा हैं। खाते में जमा रुपये की रसीद उनके पास उपलब्ध है। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने पहाड़गंज के एक होटल में वीजा की हार्ड कॉपी लेने के लिए बुलाया, लेकिन कोई कर्मचारी नहीं आया। अब इन लोगों के मोबाइल नंबर बंद जा रहे हैं। उनका कहना है कि सभी आरोपित लोगों का करोड़ों रुपये लेकर भाग गए हैं।थानाध्यक्ष रमेश बोहरा ने बताया कि तहरीर के आधार पर हल्द्वानी के इंडियन ओवरसीज बैंक के मैनेजर मो. कलीम, रियासत उर्फ मकसूद हसन, इब्राहिम खालिद, निधि शर्मा, अंकित शर्मा, किरन खान व मकान मालिक पद्मावती भंडारी व बहादुर सिंह भंडारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बी कॉम आनर्स अंतिम सेमेस्टर तरसेम सिंह अव्वल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के बी कॉम (आनर्स) अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज रुद्रपुर के छात्र तरसेम सिंह (77%) ने प्रथम स्थान, आकाश सिंह (73.2) ने द्वितीय तथा अनुष्का शंकर और शैलेश पंत(71.6) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस मौके पर महाविद्यालय के सलाहकार निदेशक प्रोफेसर ए.एस. चावला , प्राचार्या डॉ. भावना कपूर, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज जायसवाल, सहायक प्रवक्ता असमीत कौर सेठी, संदीप त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, प्रिया गुप्ता, डॉ. रजनी छिवाल, डॉ रुपाली सक्सेना, परविंदर कौर, डॉ. नाजिया बानो, अखिलेश सिंह, आनंद राम, आंचल जुनेजा, डॉ. नवनीत कौर, खीमानन्द बिनवाल, डॉ. प्रीति अरोड़ा, रवि कुमार, एकता, अखिलेश खरे, सिमरन पाल सिंह चौहान, सर्वजीत कौर आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरो पुत्र ओमप्रकाश व उसकी पत्नी रानी का परिवार के प्रति व्यवहार सही नहीं है। जिस कारण मैंने उक्त दोनों से अपने पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र ओमप्रकाश व उसकी पत्नी रानी द्वारा किये गये किसी भी कार्य या लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**गोबिंदा पुत्र श्री बीरबल निवासी बिगवाड़ा भट्ठा, बिगवाड़ा, वार्ड नं. 16 रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर**

# कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक कल गावा राईस मिल में होगी। जिसमें 14 नवम्बर से 19 नवम्बर तक मनाये जाने वाले विशेष पखवाड़े की तैयारियों पर चर्चा होगी। जानकारी देते हुए कांग्रेस कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो यात्रा' के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन सिंह माहरा के निर्देश पर आगामी 14 नवम्बर भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवम्बर तक पूरे पखवाड़े में जिला, ब्लाक न्याय पंचायत स्तर पर गोष्ठी एवं पद यात्राओं का आयोजन किया जाना है। इन आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने के लिए पार्टी की जिला स्तरीय बैठक 11 नवम्बर को प्रात: 11 बजे कांग्रेस जिला कार्यालय, गावा राईस मिल रूद्रपुर में होगी। जिसमें कार्यक्रम के जिला पर्यवेक्षक पूर्व विधायक संजीव आर्य भी मौजूद रहेंगे। श्री गावा ने बैठक में पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, जिला कांग्रेस कमेटी, महानगर इकाईयों के पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, विधानसभा चुनाव के प्रत्याशीगण, नगर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं अनुषांगिक संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से पहुंचने की अपील की है।

# स्वास्थ सेवाओ के लिए दर दर भटक रही जनता: मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तराखंड की बुनियाद समाजवादी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री रामशंकर कौशिक के नेतृत्व में कौशिक समिति बनाकर की थी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने अपनी सरकार में अलग राज्य उत्तरांखण्ड बनाने का प्रस्ताव दोनों सदनों से पास कर केंद्र को भेजा था। सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने जारी एक बयान में कहा है कि आज उत्तराखंड बने बाईस वर्ष पूर्ण होने पर भी राज्य अपने संपूर्ण अस्तित्व में नहीं आया। विकास के नाम पर पर्वतीय क्षेत्र में अभी भी स्वास्थ सेवाओ के लिए दर दर भटकना पड रहा है और इलाज के अभाव से लगातार जन हानि हो रही है। सड़क, पानी, बिजली भी अभी तक घर घर पहुचाने में सभी सरकार असफल रही है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में उत्तराखंड नम्बर एक पर चल रहा है। सरकारे बदलती रही और भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओ की नौकरियों में घोटाला कर उनसे उनका हक छीना जा रहा है। सड़क बनाने के नाम पर करोड़ों रुपया सरकार और अफसर दोनों मिलकर लूटने का कार्य कर रहे है। जबकि सड़को की खस्ता हालत है ।सरकारी अस्पतालों में डॉक्ट र एवं दवाइयों का अभाव है।

## पेज एक का शेष...

**पहाड़ों ने ओढ़ी..**प्रकार से मौसम में बदलाव आ रहा है, उससे चकराता जैसे ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में बारिश व तापमान गिरने की संभावना है। इसी क्रम में पछवादून व कम ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में भी अगले दो दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है।

**सम्पत्ति के विवाद में..**में गुरुवार की सुबह पंजाब से आया दूसरा गुट अखाड़े में घुस गया। इसे लेकर मौके पर जमकर हंगामा हुआ। हंगामे की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस-प्रशासन घंटों तक संतों को अखाड़े से बाहर जाने के लिए अनुरोध करते रहे। लेकिन संत अखाड़े पर अपना अधिकार बताते हुए बाहर जाने के लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद दूसरे गुट के मुखिया प्रेम सिंह को पुलिस फोर्स ने उठाकर हिरासत में ले लिया। जबकि गुट के अन्य लोग अखाड़े डटे रहे। जिन्हें पुलिस मौके से जाने के लिए कहती रही। इस गुट के जगतार सिंह को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह सीओ सिटी मनोज कुमार ठाकुर, नगर कोतवाल राकेन्द्र सिंह कठैत, कनखल एसओ मुकेश सिंह चौहान सहित आसपास के थानों की पुलिस फोर्स तैनात है।

**लक्ष्मीपुर माइनर..**संपत्ति घोषित करते हुए गूल से अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए थे। वर्ष 2015 की 2 दिसंबर को निगम प्रशासन ने पुलिस की मदद से लक्ष्मीपुर माइनर को कब्जा मुक्त कर दिया लेकिन लगभग 7 वर्ष बाद एक बार फिर से पौराणिक गूल अतिक्रमण कारियों के निशाने पर आ चुकी है। उप जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में काजीबाग स्ट्रीट निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि रहमान पेंटर के सामने बिजली घर के पास मोहल्ला सिंघान निवासी सलीम पुत्र यासीन द्वारा हाईकोर्ट के आदेशों को दरकिनार करते हुए सरकारी संपत्ति पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने परगना मजिस्ट्रेट को यह भी बताया कि अवैध कब्जे की नियत से कराए जा रहे निर्माण का कोई नक्शा आदि नगर निगम से पास नहीं कराया गया है और ना ही सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग,अग्निशमन आदि से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। गूल की संपत्ति पर चल रहे अवैध निर्माण का संज्ञान लेकर परगना मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रूकवा दिया और तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं।

**बूथ स्तर पर संगठन..**विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करने वाली पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी ने हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर सबको मुख्य धारा में लाने का काम किया है। श्री जिंदल ने कहा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सभी को साथ लेकर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए पूरी शिद्दत से काम किया जायेगा। पार्टी को मजबूत करने के लिए हर बूथ पर खुद जाकर वह बूथ कमेटियों की समीक्षा करेंगे। जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनाव में जिसका लाभ भी मिलेगा। इस मौके पर मेयर रामपाल सिंह, केके दास,वेद ठुकराल, राकेश सिंह,उपेन्द्र चौधरी, प्रीत ग्रोवर, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, मुकेश पाल, मोहित कक्कड़,चन्द्रसेन कोली, डॉ शाहखान राजशाही, उत्तम दत्ता, ईश्वरी प्रसाद राठौर, राजेश जग्गा, ललित बिष्ट, योगेश वर्मा, सुरेश कोली, चन्द्र पाल, ललित मिगलानी, रामप्रकाश गुप्ता, अमित नारंग, खूब सिंह विकल, शैली फुटेला, पुष्पा ग्रोवर, गौरव अनेजा, हिमांशु शुक्ला, पार्षद सुनील कुमार, शिव कुमार शिब्बू आदि मौजूद थे।

**कूट रचित..**कार्ड आदि कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उसे दस्तावेजों में बालिग दर्शाते हुए कोर्ट मैरिज कर लिया। इसके बाद हाईकोर्ट में रिट दायर कर सुरक्षा के आदेश भी हासिल कर लिए। किशोरी के पिता का कहना है कि उसकी पुत्री अभी नाबालिग है। आरोपी युवक ने कानून को गुमराह कर किशोरी से शादी रचाया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ धारा 363 366 420 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**ठेली और ढबों..**पर भी पुलिस ने आकस्मिक चेकिंग की। कई घंटे तक चली इस कार्रवाई में 32 लोगों के चालान काटे गये। जबकि 28 लोगों का शराब पीकर वाहन चलाने पर चालान काटा गया। कई वाहन भी सीज किये गये।

**एनएचएच कर्मचारियों ..**के बाद भी प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक कर आगे के निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने भविष्य में मांगे पूरी नहीं होने पर और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में मदन मेहरा, पंकज तिवारी, दीवान बिष्ट, हरेंद्र कठायत, सपना कांडपाल, मनोज, सुनीता भट्ट समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

**बाल विकास परियोजना..**आदेश की अनदेखी की जो कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। इन आरोपों को लेकर कमलेश के खिलाफ हुई जांच में तत्कालीन कनिष्ठ सहायक प्रीति पवार और परियोजना अधिकारी अंबिका चौधरी के बयान दर्ज हुए। सात जुलाई 2021 को उन्होंने अपने पत्र में बताया कि कमलेश के कार्यालय कक्ष और अलमारी का ताला तोड़ा गया था। अभिलेखों का परीक्षण करने पर पाया गया कि कन्या हमारा अभिमान योजना की एफडी अलमारी से गायब थी। नौ जुलाई 2021 को एफडी एवं सभी शासकीय अभिलेख चार्ज में कनिष्ठ सहायक प्रीति पवार को हस्तगत करने के निर्देश दिए गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। प्रकरण जसपुर क्षेत्र से संबंधित होने के कारण विवेचना जसपुर स्थानांतरित की गई है।

**कूड़ा घर में ..** लिंटर व स्लैब डाल दिए गए हैं। रखरखाव के अभाव में लक्ष्मीपुर माइनर नहर कूड़ा घर में तब्दील है। घनी आबादी वाले मोहल्लों से होकर गुजरने वाली नहर में लोग कूड़ा डालते हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गैरसैंण को मिली विकास कार्यों की सौगात

## राज्य स्थापना दिवस पर ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने की कई घोषणायें







चमोली/देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) को 166 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। यहां आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने भराड़ीसैंण में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन किया और इसके बाद 166 करोड़ 84 लाख की 50 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान आईटीबीपी, पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने विधानसभा परिसर में परेड का आयोजन किया और छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक दलों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में अपना योगदान देने वाले सभी शहीदों एवं राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। इसके बाद सीएम ने टैक्सी स्टैंड गैरसैंण से गढ़वाल मंडल विकास निगम तक इंटरलॉकिंग टाइल्स से मार्ग का निर्माण, पर्यटन विकास मेला मेहलचौरी एवं कृषि उद्यान एवं पर्यटन विकास मेला गैरसैंण के लिए 2-2 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। सीएम ने जिला सूचना कार्यालय चमोली की ओर से प्रकाशित जिले की 'विकास पुस्तिका' का विमोचन भी किया। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया और स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदी (10) को सम्मान पत्र, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण पूरा करने पर पांच प्रशिक्षणार्थियों को परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी का नियुक्तपत्र और पीएम आवास ग्रामीण के तहत सांकेतिक तौर पर 5 लाभार्थियों को घर की चाभी सौंपी। सीएम ने प्रत्येक महिला समूह को पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकमनायें दी। इस मौके पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, डीएम हिमांशु खुराना, एसपी प्रमेंद्र डोबाल, सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, एसडीएम संतोष पांडे, एसडीएम कमलेश मेहता, भाजपा के जिला व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता व क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे। योजनाओं का लोकार्पण में गोल मथकोट मोटर मार्ग स्टेज टू कार्य, देवलधार-कलचुना मार्ग स्टेज टू कार्य, स्यूंणी तल्ली में स्टील गार्डर पुल, कोलानी व छिमटा मार्ग स्टेज 1 का कार्य, नारायण बगड़ चोपता मार्ग, थराली कुराड़ मार्ग, थराली से घाटडुंग्री मार्ग अपग्रेडेशन, रैंस से भटियाणा स्टेज टू कार्य, हाटकल्याणी से सवाड़ मार्ग अपग्रेडेशन, खेती से तोरती स्टेज टू, जिला चिकित्सालय में तीमारदारों के लिए भवन, करछून उपकेंद्र का भवन, बदरीनाथ धाम में कुकिंग गैस एजेंसी का निर्माण। (कुल 28 योजनाएं जिनकी लागत 117.36 करोड़ है। योजनाओं के शिलान्यास के तहत - बुंगीधार मेहलचौरी से बछुवाबांण मार्ग (42किमी) देवपुरी तक स्टेज 2, लंगासू से मैखुरा मार्ग स्टेज 2, छुरागाड़ से सुतोल कनोल मार्ग स्टेज 2, खाल बजेठा पेयजल योजना, कांसुवा पेयजल योजना का पुनर्गठन, गोल पेयजल योजना पुनर्गठन, वांण पेयजल योजना, ब्लॉक थराली में रेंज कार्यालय का निर्माण, बेनीताल को एस्ट्रोविलेज (खगोल गांव) बनाना, जीआईसी मुंदोली और बैरसकुंड में लैब का निर्माण, जीआईसी देवलधार में 7 कक्षा-कक्षों का निर्माण, जीआईसी ईराणी के मुख्य भवन का निर्माण, बालिका जीआईसी गोपेवर में दो कक्षा-कक्षों व भूस्खलन ट्रीटमेंट, जीआईसी गैरसैंण में दो मार्डन आदर्श लैब, जीआईसी गोदली में चार कक्षा-कक्ष निर्माण, जीआईसी लाटूगैर में अधूरे भवन का निर्माण, गोविंदघाट में बाढ़ सुरक्षा कार्य सहित कुल 4.37 करोड़ की 22 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

## दस विभूतियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित पांच विभूतियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा गया। उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड गौरव सम्मान पुरस्कार के लिए पांच अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पांच विभूतियों को पुरस्कार के लिए चुना। जिसमें तीन को मरणोपरांत पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का सम्मान पत्र उनके बेटे शौर्य डोभाल ने पुरस्कार लिया। प्रभारी सचिव सचिवालय प्रशासन विनोद कुमार सुमन ने बताया पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रहे स्व. जनरल बिपिन रावत, कवि, लेखक और गीतकार रहे स्व.गिरीश चंद्र तिवारी, साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में स्व. वीरेन डंगवाल को मरणोपरांत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उत्तराखंड गौरव सम्मान के लिए पिछले साल पर्यावरण के क्षेत्र में डॉ.अनिल जोशी, साहसिक खेल के लिए बछेंद्री पाल, संस्कृति के लिए लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी, साहित्य के क्षेत्र में रस्किन बांड के नाम की घोषणा हुई थी। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी को मरणोपरांत इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। लेकिन पिछल साल कार्यक्रम आयोजित न होने के चलते इन विभूतियों को भी इस साल सम्मानित किया गया।









# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य व सरिता आर्य ने शहीद प्रताप सिंह को दी श्रद्धांजलि

## राज्य स्थापना दिवस पर नैनीताल में कलाकारों ने कुमाऊंनी गीतों पर दी प्रस्तुति

नैनीताल(उद ब्यूरो)। राज्य स्थापना दिवस पर राज्य आंदोलनकारियों समेत राजनीतिक, सामाजिक संगठनों ने बेहतर उत्तराखंड के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। राज्य बनने के बाद 22 साल बाद पहाड़ की हालत नहीं बदलने पर नाराजगी भी प्रकट की गई। राज्य स्थापना दिवस पर बुधवार सुबह मल्लीताल पंत पार्क पर मैराथन दौड़ का विधायक श्रीमती सरिता आर्या ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जिसमें प्रतिभाग कर रहे युवाओं का उत्साह देखने योग्य था। जबकि जिला प्रभारी मंत्री रेखा आर्य व विधायक सरिता आर्य ने तल्लीताल चिड़ियाघर मार्ग स्थित शहीद प्रताप सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाधिकारी व स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारियों सहित भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य, मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोपाल रावत, शांति मेहरा, दीपिका बिनवाल, भानु पंत, मोहित साह, संतोष कुमार व उमेश भट्ट आदि उपस्थित थे। मुख्य समारोह मल्लीताल फ्लैट्स पर हुआ। जिसमें प्रभारी मंत्री, विधायक की उपस्थिति में राज्य आंदोलनकारियों ने विचार रखे। साथ ही आंदोलन के दौर को याद करते हुए बेहतर उत्तराखंड बनाने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत बताई। इस दौरान एमएल साह बालिका विद्या मंदिर व जीजीआईसी की छात्राओंने बेंड वादन के साथ मुख्य मंच से मुख्य अतिथि को सलामी दी।कुमाऊं सांस्कृतिक कला उत्थान समिति के कलाकारों ने हुड़के की थाप पर कुमाऊंनी गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य बनाने को दिनरात काम कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने को संकल्पित है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, पूर्व दर्जा मंत्री शांति मेहरा, गोपाल रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, नदीम मून, मनोज जोशी, पूरन मेहरा, डीएन भट्ट, मुन्नी तिवारी, पान सिंह सहित डीएम धीराज गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भट्ट, सीडीओ से संदीप तिवारी, सीएमओ भागीरथी जोशी अन्य उपस्थित थे। संचालन नवीन पांडे व मीनाक्षी कीर्ति ने किया।





## स्थापना दिवस पर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर जेलरोड चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा अध्यक्ष विनीत अग्रवाल के नेतृत्व में एक दीया शहीद राज्य आंदोलनकारियों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नगर के पदाधिकारियों एवं मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्जवलित कर



उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों को नमन कर याद किया गया। जिसमें नगर महामंत्री प्रताप रैकवाल, मधुकर श्रोत्रिय, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हरबोला, शंकर कोरंगा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिभा जोशी, नगर उपाध्यक्ष मनीष पाल, विनोद जयसवाल , दिनेश सिंह, कार्तिक हरबोला, कपिल अग्रहरि, कमलेश जोशी संजय त्यागी, हिमांशु जोशी, जगदीश तिवारी, विजय लक्ष्मी चौहान, मनोजअग्रवाल , घनश्याम रस्तोगी, पूरन राम, भावना खुशी, ललित भट्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक उप्पल के निधन पर शोक

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन काशीपुर के द्वारा एसोसिएशन के सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक उप्पल जी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर परम पिता परमेश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को इस गहन दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें शोक सभा में बार अध्यक्ष संजय चौधरी, सचिव प्रदीप कुमार चौहान ,उपाध्यक्ष ताजबर अब्बास नकवी ,उप सचिव अनिल कुमार शर्मा ,कोषाध्यक्ष सनत कुमार पैगीया, आय व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी, पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाश सिंह बिष्ट,प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, रहमत अली खान सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।